# 29 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह, 2018

( 23–30 अप्रैल 2018 )

# सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों की रिपोर्ट

## स्थान : भरतपुर जिला

## अवधि : 26–28 अप्रैल 2018

## प्रायोजक : परिवहन विभाग, भरतपुर (राजस्थान)

**आयोजक**

# राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी


**पंजीकृत कार्यालय :** 88, डोरे नगर, सेवाश्रम, उदयपुर – 313001 (राजस्थान)

मोबाईल नम्बर 8560000747, 9413313218

E-Mail: rajasthanroadsafety@gmail.com Website: rajasthanroadsafety.com

**कॉरपोरेट कार्यालय :**

8, अन्नपूर्णा, सिविल लाइन्स, हरिविलास शारदा मार्ग, अजमेर 305001, राजस्थान

## प्रस्तावना

भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष 29 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह, 23 से 30 अप्रैल 2018 के मध्य मनाया गया। इस सप्ताह के तहत 26 अप्रैल से 28 अप्रैल 2018 के दौरान प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, भरतपुर के आदेश एवं परिवहन विभाग, भरतपुर प्रायोजन से राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी उदयपुर की टीम द्वारा भरतपुर जिले के विद्यालयों में सड़क सुरक्षा शिक्षा, आम सड़क उपयोगकर्ता हेतु सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम शिक्षकों एवं बाल वाहिनी वाहन चालकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन पूरे जिले में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित मोबाईल वेन एवं सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ व प्रशिक्षकों के माध्यम से किया गया।

## उद्देश्य :

राष्ट्रीय एवं राज्य औसत से अधिक पिछले वर्ष 2016 की तुलना में वर्ष 2017 में जिले में बढती 9 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाऐं एवं उनमें होने वाली मौतों में 13 प्रतिशत की वृद्धि को रोकनें से सम्बन्धित प्रभावी कारकों की पहचान एवं जागरूकता से आमसड़क उपयोगकर्ताओं सहित विद्यार्थियों, शिक्षको, युवाओं एवं वाहन चालकों को अवगत कराना तथा एक स्वच्छ – स्वस्थ एवं सुरक्षित सड़क संस्कृति विकसित करना।

## कार्यक्रम :

1. स्कूलों में सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन ( प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता इत्यादि)
2. बाल वाहिनी / ट्रक चालकों हेतु प्रशिक्षण कार्याशाला
3. स्कूली शिक्षकों के क्षमता निर्माण हेतु प्रशिक्षण में
4. मोबाईल वेन के माध्यम से आम सड़क उपयोगकर्ताओं को सार्वजनिक स्थानों, टोल टेक्स ग्राम पंचायतों एवं म्यूनिसिपल वार्डो में श्रव्य एवं दृश्य माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम

## लाभान्वित

1. विद्यार्थी **2.** आमसड़क उपयोगकर्ता, युवा वर्ग 3. शिक्षक 4. वाहन चालक

## कुल लाभांवितों की संख्या

| | | |
|---|---|---|
| विद्यार्थी | : | 3170 |
| आमसड़क उपयोगकर्ता | : | 1690 |
| वाहन चालक (ट्रक/बालवाहिनी/अन्य) | : | 500 |
| शिक्षक | : | 100 |
| सड़क सुरक्षा में भागीदार विद्यार्थी | : | 6800 (12260)<br>(3000 स्लोगन + 3000 क्विज + 800 पोस्टर) |

## राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी टीम, उदयपुर

**5 सदस्य सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षकों की टीन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपना योगदान दिया जिनका विवरण इस प्रकार हैं।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **तान्या एस पचौरी** | परियोजना समन्वयक | | |
| **लोकेश शर्मा** | सड़क सुरक्षा प्रशिक्षक | **छोटू सिंह राणावत** | सड़क सुरक्षा प्रशिक्षक |
| **अशोक मीणा** | सड़क सुरक्षा प्रशिक्षक | **मान सिंह रावत** | सड़क सुरक्षा सहायक |

## कार्यक्रमों का तिथिवार विवरण

| क्र.सं. | दिनांक | कार्यक्रम | स्थान / कार्यक्रम | कुल प्रतिभागी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 26 अप्रैल 2018 | विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण | 1. आदर्श विद्या मन्दिर, भरतपुर | 250 |
| | | | 2. सोनी एकेडमी,उ. मा. वि, भरतपुर | 470 |
| | | | 3. सोनी एकेडमी,उ. मा. वि, भरतपुर | 480 |
| | 27 अप्रैल 2018 | | 4. केन्द्रीय विद्यालय भरतपुर | 380 |
| | | | 5. केन्द्रीय विद्यालय भरतपुर | 390 |
| | | | 6. सेंट पिटर्स उच्च मा. वि. भरतपुर | 470 |
| | | | 7. सेंट पिटर्स उच्च मा. वि. भरतपुर | 450 |
| | | | 8. श्रीहरकिशन उ.मा. विद्यालय, भरतपुर | 280 |
| **योग** | | | | **3170** |
| 2 | | शिक्षकों को सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण | सेंट पिटर्स उच्च मा. वि. भरतपुर | **100** |
| 3 | | वाहन चालकों को प्रशिक्षण | 1. बालवाहिनी चालक | 100 |
| | | | 2. ओटो / टेक्सी / बस चालक | 100 |
| | | | 3. ट्रक चालक टोल नाके पर | 300 |
| **योग** | | | | **500** |
| 4 | 26–27 अप्रैल 2018 | भरतपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों में सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताऐं | 1. स्लोगन प्रतियोगिता | 3000 |
| | | | 2. क्विज प्रतियोगिता | 3000 |
| | | | 3. पोस्टर प्रतियोगिता | 800 |
| **योग** | | | | **6800** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | 26–28 अप्रैल 2018 | ग्राम पंचायतों, टोल प्लाजा व सार्वजनिक स्थानों पर आम सड़क उपयोगकर्ताओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम | 1. प्राईवेट बस स्टेशन, भरतपुर | 150 |
| | | | 2. बिहारी जी का मन्दिर, भरतपुर | 120 |
| | | | 3. पॉवर हाऊस के सामने, भरतपुर | 150 |
| | | | 4. मानसिंह सर्किल, भरतपुर | 150 |
| | | | 5. रणजीत नगर, ई–ब्लॉक, भरतपुर | 90 |
| | | | 6. गिरिराज कॉलोनी, भरतपुर | 120 |
| | | | 7. रेल्वे पुलिस चौकी, नई मण्डी भरतपुर | 200 |
| | | | 8. जवाहर नगर, भरतपुर | 90 |
| | | | 9. अलवर रोड़ टोल प्लाजा, भरतपुर | 60 |
| | | | 10. पुलिस स्टेशन कुम्हेर, भरतपुर | 150 |
| | | | 11. लुधाबाई टोल प्लाजा, भरतपुर | 50 |
| **योग** | | | | **1330** |

## कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट





**स्कूल में बच्चों से चर्चा करते सोसायटी की टीम**

29 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह, 2018 के तहत आयोजित गतिविधियों की श्रृंखला में राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी टीम ने तीन दिवसीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों की शुरूआत दिनांक **26 अप्रैल 2018** को आदर्श विद्या मन्दिर एवं सोनी एकेडमी उच्च माध्यमिक विद्यालय में सड़क सुरक्षा शिक्षा एवं स्लोगन, प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता से हुई। जिसके तहत राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी, उदयपुर की समन्वयक तान्या एस पचौरी एवं रोड सेफ्टी मोबाईल वेन टीम ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों, सड़क संकेतकों एवं चिन्हों, सड़क हादसों में घायल व्यक्तियों की सहायता हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों, हेलमेट, सीट बेल्ट की उपयोगिता, तेज गति एवं वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात करने के दुष्परिणामों, सड़क हादसों में जान गंवाने वाले परिवारजनों की स्थितियों, घायलों की अवस्था आदि सामाजिक विषयों की विस्तृत जानकारी छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों को दी।

विद्यार्थियों को मनोरंजन एवं आवश्यक जानकारी हेतु स्लोगन, प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता के जरिए सड़क सुरक्षा के संदेश एवं सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा विषय पर ऑडियों एवं वीडियों के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया गया। जिसमें वीडियों के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली की दैनिक जीवन में सड़क का उपयोग करते समय बहुत सी आवश्यक बातों को ध्यान में रखना चाहिए।



**सोनी एकेडमी स्कूल में व्याख्यान देते हुए सोसायटी की तान्या पचौरी**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिवहन अधिकारी श्री ललित कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को लाइसेंस की उपयोगिता की जानकारी देने के साथ सड़क सुरक्षा के विविध पहलूओं की चर्चा की। उन्होंने दिनोंदिन बढते सड़क हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को सड़क नियमों की पालना करने का आहावान किया।

उपस्थित सभी शिक्षकों ने राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी एवं परिवहन विभाग, भरतपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए फीडबैक फार्म में वांछित जानकारी दी। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा संदेशों से संबंधित पोस्टर्स, फ्लैक्स एवं बैनर की कार्यक्रम के दौरान प्रदेर्शनी लगाई गई वहीं छात्र–छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित लीफलेट्स, ब्रोशर बांटे गये। विद्यालय में यातायात चिन्हों एवं गुड सेमेरिटन से संबंधित फ्लैक्स एवं पोस्टर लगाए गए। सोसायटी की ओर से विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक एवं बाल वाहिनी चालकों को सड़क सुरक्षा पॉकेट बुक प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित अलग–अलग 40 प्रश्नों के ए,बी,सी एवं डी सेट के माध्यम से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



सेंट पीटर्स में 100 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हुए

राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी की मोबाईल वैन के माध्यम से विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित ऑडियों एवं विडियों के माध्यम से लघु फिल्म / जिंगल दिखायें एवं सुनायें गयें तथा प्रस्तुतिकरण दिये गऐं। जिसमें प्राईवेट बस स्टेशन, भरतपुर, बिहारी जी का मन्दिर, भरतपुर एवं पॉवर हाऊस के सामने, भरतपुर विभिन्न स्थानों पर आम सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़क सुरक्षा, शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम किये गयें।



केन्द्रीय विद्यालय में सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए सोसायटी की परियोजना समन्वयक

**दिनांक 27 अप्रैल 2018** को केन्द्रीय विद्यालय भरतपुर, सेंट पिटर्स उच्च मा. विद्यालय, भरतपुर एवं श्रीहरकिशन उच्च माध्यमिक विद्यालय, भरतपुर में राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी की समन्वयक तान्या एस पचौरी एवं टीम ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं बाल वाहिनी चालकों को सुरक्षित वाहन चलाने के नियमों एवं यात्रियों की सुरक्षा एवं उनके व्यवहार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। ''जीवन है अनमोल इसे ना व्यर्थ गंवाना है'' के साथ यातायात नियमों की पालना करने का संदेश दिया। विद्याथियों एवं शिक्षकों को हेलमेट का ना समझे बोझ, सीट बेल्ट से बचे जान, तेज गति जीवन की क्षति, शराब पीकर वाहन चलाने के दुष्परिणामों को भी समझाया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा सदेशों से संबंधित पोस्टर्स, फ्लैक्स / बैनर भी लगायें गयें। वहीं छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित लीफलेट्स, ब्रोशर बांटे गये। विद्यालय में यातायात चिन्हों से संबंधित फ्लैक्स एवं पोस्टर लगाए गए। संस्था की और से विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक एवं बाल वाहिनी चालकों को सड़क

सुरक्षा पुस्तिका प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित प्रश्नोत्तरी, स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

इसके उपरान्त मानसिंह सर्किल, भरतपुर पर सोसायटी के सड़क सुरक्षा प्रशिक्षक लोकेश शर्मा, छोटू सिंह राणावत, अशोक मीणा व मानसिंह रावत ने आम सड़क उपयोगकर्ता / आमजन जो कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग नही कर रहे थें उनको सर्किल पर जिला परिवहन अधिकारी एवं जिला यातायात पुलिस के माध्यम से रूकवाकर सड़क सुरक्षा – जीवन रक्षा के उद्देश्य को मध्यनजर रखते हुए उन्हें समझाया गया की व बताया गया कि हेलमेट का बोझ ना समझे, सीट बेल्ट से बचे जान, तेज गति जीवन की क्षति, शराब पीकर वाहन चलाने के दुष्परिणामों को बताया।

इस अवसर पर आर.टी.ओ. नानू राम जी चौयल ने निर्धारित उम्र से कम में वाहन चलानें, हेलमेट दुपहिया वाहन चालक के साथ पीछे बैठे सवारी के लिए भी अतिआवश्यक होने, वाहन बीमा



**सेन्ट पीटर्स स्कूल के सैकड़ो बच्चों को सड़क सुरक्षा की आवश्यकता पर प्रस्तुतीकरण देते हुए तान्या पचौरी**

और महिलाओं को लाइसेंस बनाने में प्रदत्त पचास प्रतिशत छूट से संबंधित जानकारी देते हुए टीम के साथ यातायात नियमों की पालना करने की अपील की।

सांयकाल में रणजीत नगर, ई–ब्लॉक, भरतपुर, गिरिराज कॉलोनी, भरतपुर रेल्वे पुलिस चौकी, नई मण्डी भरतपुर, अलवर रोड़ टोल प्लाजा, भरतपुर पर प्राथमिक चिकित्सा, यातायात चिन्हों की

जानकारी, सड़क सुरक्षा नियमों, ट्रेफिक लाइट्स आदि को रोड़ सेफ्टी मोबाईल वेन में लगी एल.ई. डी. के माध्यम से लघु फिल्मों के द्वारा समझाया गया।

**दिनांक 28 अप्रैल, 2018** को श्रीमान् प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, भरतपुर के निर्देशानुसार जिले की ग्राम पंचायतों में सड़क सुरक्षा शिक्षा एवं जागरूकता हेतु ग्रामीणों को सड़क पर सुरक्षित चलने के नियम, दुपहिया वाहन सवार को हेलमेट पहनने के नियमों, चौपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के साथ गाड़ी चलाते समय मोबाईल पर बात करने, तेज गति से वाहन चलाने और नशे में वाहन चलाने के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। जिसमें सड़क सुरक्षा विषय पर ऑडियों एवं वीडियों रिकार्डिग भी दिखाई सुनाई गई।

**निष्कर्ष** : राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी, द्वारा जिला परिवहन विभाग के सौजन्य से आयोजित सड़क सुरक्षा शिक्षा / प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए जागरूकता लाने के प्रयास लाने के लिए विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर आमजन एवं विद्यार्थियों / शिक्षकों / चालकों से हुई बातचीत / मूल्यांकन फीडबैक फार्म से प्राप्त सुझावों एवं विचारों से स्पष्ट है कि सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित होने की आवश्यकता हैं। जिससे आमजन एवं विद्यार्थियों को अधिकाधिक सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी से अवगत कराया जा सकें।

*.*.*.*.*.*.*.*.*.*.*.*



**विभिन्न अखबारों में प्रकाशित न्यूज जो प्रकाशित हुई इस प्रकार है ।**

## सड़क सुरक्षा की दी जानकारी



**भरतपुर** | केन्द्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर परिवहन प्रादेशिक अधिकारी एनआर चोयल, डीटीओ ललित कुमार गुप्ता, टीआई पूरनमल मीना, तान्या पचौरी ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया गया। परिवहन प्रादेशिक परिवहन अधिकारी चोयल ने सड़क दुर्घटना के बढ़ते ग्राफ पर चिंता जताई। उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा संबंधी प्रश्नोत्तरी एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य नेमसिंह सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। संचालन डॉ. सतीश चंद मीना ने व आभार एलएल जाटव ने जताया।

**राजस्थान पत्रिका, भरतपुर**

**(27 अप्रैल, 2018)**

## यातायात नियमों की दी जानकारी




**भरतपुर** | मानसिंह सर्किल पर जेके सीमेंट के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरुकता अभियान चलाया गया। इसके मुख्य अतिथि नानूराम चापल (आर.टी.ओ.), विशिष्ट अतिथि इन्द्रपाल सिंह पाले (डिप्टी मेयर) व परिवहन विभाग के अधिकारी ललित कुमार गुप्ता, तान्या पचौरी, पुलिस निरीक्षक यातायात पूरन सिंह, जे.के. सीमेंट से यूरिया मैनेजर सन्दीप शर्मा व ललित आर्य, नौनिहाल सिंह डागुर एडवोकेट आदि उपस्थित थे। संचालन अभिजीत सिंह द्वारा किया गया।

**दैनिक भास्कर, भरतपुर**

**(27 अप्रैल, 2018)**

rajasthanpatrika.com



भरतपुर. विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियम बताते हुए।

### गाड़िया लुहार की बेटी की शादी के लिए दी सामग्री

**भरतपुर.** जय श्री बांके बिहारी सेवा समिति की ओर से शुक्रवार को एक गरीब गाड़िया लुहार की बेटी की शादी में सहयोग के लिए कन्यादान की सामग्री भेंट की गई। समिति प्रवक्ता ने बताया कि समिति की ओर से 1 अलमारी, 1 बैड, 1 कंबल, 2 तकिया, 1 चादर, 4 कुर्सियां, 1 टेबिल, 1 पंखा, 1 जोड़ी चांदी की पायल और बर्तन भेंट किए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष जयप्रकाश गोयनका और उनकी पत्नी श्यामा गोयनका ने बेटी के पैरों का पूजन भी किया। इस मौके पर गोपाल गर्ग, विष्णु खंडेलवाल, हरिगोविंद मिश्रा, आशीष और दीपक शर्मा आदि मौजूद थे।

**लुपिन ने दी मकान मरम्मत के लिए सहायता:** लुपिन ने बृजनगर कॉलोनी निवासी एक विधवा महिला के मकान की मरम्मत के लिए नौ हजार रुपए की सहायता प्रदान की है। सहायता राशि का चेक संस्था के अधिशासी निदेशक सीताराम गुप्ता ने पीड़ित महिला रानी को प्रदान किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संस्था उसे प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार का कार्य प्रारम्भ कराएगी। गौरतलब है कि रानी पत्नी स्व. रतनसिंह के मकान पर डली टिनशेड पिछले दिनों आए तूफान के कारण उड़ गई थी।

## विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

### हेलमेट एवं टी-शर्टों का वितरण किया

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**भरतपुर.** सड़क सुरक्षा सप्ताह के क्रम में पांचवें दिन परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के तत्वाधान में जिले के विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई।

जिला परिवहन अधिकारी ललित गुप्ता ने बताया कि सड़क सुरक्षा परिषद जयपुर की टीम ने केन्द्रीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं को यातायात चिह्नें एवं प्रतीकों तथा उनकी पालना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा हमारे इस अभियान का मूल मंत्र है। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नानूराम चोयल ने बच्चों को सुरक्षित यातायात के संबंध में संबोधित किया। परिवहन विभाग की सड़क सुरक्षा वैन द्वारा छात्र-छात्राओं को सुरक्षित यातायात के संबंध में फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य नेमसिंह, यातायात निरीक्षक पूरन सिंह मीणा, तान्या पचैर आदि उपस्थित थे। इसके बाद मानसिंह चैराहे पर जेके सीमेन्ट के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम में लॉटरी के माध्यम से हेलमेट एवं टी-शर्टों का वितरण किया गया।

### शहर के आवारा पशुओं को लेकर जताया रोष

**भरतपुर.** युवा विचार मंच की ओर से रोष व्यक्त नगर निगम एवं जिला प्रशासन से आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की है। शहर में घूम रहे आवारा पशुओं के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर की हर गली और बजार में इनके झुंड देखने को मिल जाएंगे। इनसे वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इनके आपस में लड़ने से कई बार इनकी चपेट में आकर आसपास के लोग भी घायल हो जाते है। मंच की ओर से शहरवासियों को आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

**राजस्थान पत्रिका, भरतपुर**

**(27 अप्रैल, 2018)**

# सड़क सुरक्षा के संबंध में विद्यार्थियों को दी नियमों की जानकारी

भरतपुर, (निसं)। आप बाइक सवार हैं और बाइक चला रहे है इस दौरान अगर आप ने हेलमेट नहीं पहना तो आपका भारी चालान हो सकता है और इसी को लेकर आज आरटीओ विभाग और यातायात विभाग द्वारा भरतपुर शहर में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें बिना हेलमेट पहनकर बाइक चला रहे ज्यादातर बाइक सवार युवाओं को यातायात कर्मियों ने रोड के नियम और हेलमेट पहनने के समझाइश भी की। नहीं मानने पर चालान भी काटे। यह अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा।

ऐसा ही नजारा आज भरतपुर शहर के प्रत्येक चौराहे पर देखने को मिला भरतपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 23 अप्रैल से 29 अप्रैल तक शुरू हुआ इस कार्यक्रम के तहत ट्रांसपोर्ट विभाग और यातायात पुलिस विभाग द्वारा शहर में आम जनता को रोड सेफ्टी के लिए अभियान चला रहे हैं और इसी अभियान के तहत शहर के चौराहे पर रोड सेफ्टी के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



भरतपुर के गुरू हरिकिशन उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर में सड़क सुरक्षा परिषद जयपुर से आयी टीम की सदस्य तान्या पचौरी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी।

सड़क सुरक्षा सप्ताह के पांचवें दिन शुक्रवार को परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में शहर के गुरू हरिकशन उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर, केन्द्रीय विद्यालय एवं सेन्ट पीटर्स स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर सड़क पर वाहन चलाने संबंधी नियमों की पालना करने को कहा। जिला परिवहन अधिकारी सुधीर बंसल एवं ललित गुप्ता ने बताया कि सड़क सुरक्षा परिषद जयपुर से आयी टीम की सदस्य तान्या पचौरी, सड़क सुरक्षा समन्वयक द्वारा स्थानीय इन विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को यातायात चिन्हों एवं प्रतीकों के बारे में तथा उनकी पालना के संबंध में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा हमारे इस अभियान का मूल मंत्र है। इस अवसर पर प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नानूराम चोयल ने भी बच्चों को सुरक्षित यातायात के संबंध में संबोधित किया। इस अवसर पर परिवहन विभाग की सड़क सुरक्षा वैन

- सुरक्षित यातायात के संबंध में फिल्म का प्रदर्शन किया

द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को सुरक्षित यातायात के संबंध में फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नेमसिंह, हरिकिशन, स्कूल के प्राचार्य ब्रजभानसिंह, समिति अध्यक्ष दलवीरसिंह, यातायात निरीक्षक पूरन सिंह मीणा, तान्या पचौरी, परिवहन विभाग के उपनिरीक्षक मोहित सैनी, मनीष शर्मा एवं परिवहन विभाग तथा यातायात पुलिस के कार्मिक उपस्थित थे।

इसके पश्चात् शहर के मानसिंह चौराहे पर परिवहन विभाग, यातायात पुलिस एवं जेके सीमेन्ट के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जेके सीमेन्ट की ओर से उपस्थित जनों को लॉटरी के माध्यम से हेलमेट एवं टी-शर्टों का वितरण कर सड़क सुरक्षा का संदेश आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

**राष्ट्रदूत, भरतपुर**

**(27 अप्रैल, 2018)**